क्र. 1863, दिनांक 17 दिसम्बर, 2002

# ग्रामीण विकास समिति,

प्रशा. कार्यालय – कालेज वार्ड–54 गोल चौक, रोहिनीपुरम, डंगनिया, रायपुर (छ.ग.)

Mob no.9009205000, 91315-45441 E-mail:- graminvs@yahoo.in,www.graminvikassamiti.org.in

## –: वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2019–20 :–

### 01. 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस :–

05 जून 2019 को ग्राम गुजरा विकासखंड आरंग जिला रायपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के सदस्यों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से पंचायत संसाधन केन्द्र, हाई स्कूल एवं तालाब में वृक्षारोपड़ का कार्य किया गया।

रोपे गए वृक्षो में नीम, पीपल, बरगद, सहित फूल एवं फलदार वृक्षों का रोपड़ किया गया।



### 02.21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस :–

संस्था द्वारा 21/06/2019 को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम – अर्जूनी वि.ख.–धमतरी, जिला – धमतरी में शिविर लगाकर योग दिवस का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें संस्था के सचिव एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे, ग्रामीण के सभी युवाओं और बच्चों ने इस योग दिवस कार्यक्रम में भाग ही नही बल्कि योग हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना महत्वपूर्ण इसे जाना है।



## 03. स्वच्छता अभियान :–

स्वच्छ भारत अभियान के तहत संस्था द्वारा 02 अक्टुबर 2019 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के सदस्यों के द्वारा ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं ग्राम के तालाबों सहित विभिन्न स्थानों में साफ– सफाई की। साथ ही संस्था के द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता हमारे जीवन–यापन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है अस्वच्छता के कारण कई प्रकार की बीमारी से अवगत कराया गया। कूड़ा कचरा कूड़ादान का प्रयोग करे सुखा व गीला कचरा अलग–अलग रहे। स्वच्छ पेयजल उपयोग करे, शौचालय का प्रयोग करे, अधिक से अधिक पेड़ लगाये आपने आसपास सफाई रहे जैसी जानकारियां दी गई।





## 04. जल शक्ति अभियान :–

देश में लगातार नीचे जाते भू जल के वजह से जल संकट के बढ़ती विकरालता को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से संस्था द्वारा रायपुर जिले के धरसीवां विकासखंड अंतर्गत सारागांव में जल शक्ति अभियान चलाया गया जिसमें आस–पास के ग्राम के युवाओं को इकठ्ठा कर ग्राम में हैंडपंपों के पास सोखता गढ्ढे का निर्माण करना सहित ग्रामीणों को जल संरक्षण के उपायों के बारे में बताया गया।





## 05. मतदाता जागरूकता कार्यक्रम :–

संस्था द्वारा ग्राम लटियारा वि.ख.– नगरी जिला – धमतरी में चुनाव में मतदान के महत्व को लेकर लोगो को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्षा श्रीमति सावित्रि साहू द्वारा लोगो को मतदान के महत्व को बताते हुए कहा कि मतदान एकमात्र ऐसा साधन है जिससे आप स्वयं अपने देश का विकास निर्धारित कर सकते है। मत देने की शक्ति से वह अपने देश की भागदौड़ संभालने के लिए उनकी नजर में योग्य व्यक्ति को खुद चुन सकते हैं। हमारा भारत ही एक गणतंत्र राष्ट्र है जहां सभी नागरिको को अपने सरकार चुने का पूरा अधिकार है। हर व्यक्तियों को मतदान करना जरूरी है। मतदान जाति, धर्म, अमीरी व गरीबी के आधार पर नही किया जाना चाहिए। ना ही किसी प्रकार के लालच में करना चाहिए सही प्रतिनिधियों का चुनाव ही देश को प्रगति व विकास की ओर ले जाता हैं। संस्था द्वारा रैली के माध्यम से सभी गांवों वालो को जागरूक किया गया ग्रामीण के सभी लोगो ने मतदान के महत्व को समझा और संकल्प लिया।




## 06. नषा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम :–

संस्था द्वारा विकासखंड–धरसीवां जिला रायपुर में नषा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के अध्यक्ष ने रैली के माध्यम से संकल्प पत्रिका भरवाकर नषा छोड़ ने का संकल्प पत्र भराया गया।` कार्यक्रम व्यापक एवं सराहनीय रहीं। अंत में सभा का आभार व्यक्त संस्था के कार्यकारणी सदस्य धनसाय श्री सोनवानी द्वारा किया गया।



## 07. महिलाओं हेतु प्रषिक्षण कार्यक्रम :–

संस्था द्वारा गरियाबंद जिले के जेंजरा ग्राम के महिलाओं को केनिंग एवं फूड प्रिजर्वेषन का प्रषिक्षण दिया गया जिसमें महिलाओं को आचार, जैम–जैली जैसे खाद्य पदार्थ बनाना सिखाया गया।



## 08. कोरोना (कोविड 19) जागरुकता कार्यक्रम :–

विष्व में तेजी से फेल रहे महामारी कोरोना के संबंध में आमजन को जागरुक करने के उद्देष्य से समिति के द्वारा जागरुकता अभियान चलाया गया । इसके अंतर्गत संस्था के सदस्यों द्वारा सोषल डिस्टेंसिंग रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया साथ ही बिना आवष्यक कार्य के घर से नही निकलने व 20 सेकंड तक साबून या अल्कोहल युक्त सेनेटाईजर का उपयोग कर हाथ धोने हेतु लोगों को बताया गया।

साथ ही लोगों को संस्था के सदस्यों के द्वारा मास्क का वितरण भी किया गया। एवं आरोग्य सेतु एपडाउनलोड करने के लिए भी जानकारी दी गई



